>

Title: Need to provide additional coaches in Koshi Express and Intercity Express trains.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के अंतर्गत मानसी से सहरसा तक आमान परिवर्तन होने से सहरसा एक प्रमुख स्टेशन हो गया है। समस्तीपुर रेल मंडल में सबसे अधिक आय सहरसा जं0 से ही होती है। सहरसा स्टेशन से सहरसा, मधेपुरा एवं सुपौल जिलों के रेल यात्री सफर करते हैं। सहरसा जं0 से कोशी एक्सप्रेस एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस बिहार की राजधानी पटना तक आती जाती है। इन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रेल यात्री इस गाड़ी का उपयोग करते हैं। 5281/5282 कोशी एक्सप्रेस एवं 3225ए/3226ए इंटरसिटी एक्सप्रेस में क्रमश: 13 एवं 10 सवारी डिब्बे लगते हैं, जिसमें एक-एक ए.सी. चेयरकार भी रहता है। रेल डिब्बे की कमी के कारण इसमें रेल यात्रियों को जगह नहीं मिल पाती है, जिससे रेल यत्रियों को भारी कठिनाई हो रही है।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि कोशी एक्सप्रेस एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त छः-छः सवारी डिब्बा एवं एक-एक ए.सी. चेयरकार जोड़ कर रेल यात्रियों की परेशानी को दूर किया जाये।